आकाशवाणी भोपाल

**दोपहर समाचार**

दिनांक 28.11.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी

**आईसी-पीएमजेएवाई**

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम-ईएसआईसी, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना की सुविधाओं को ईएसआईसी में शामिल करके निगम के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सेवाएं दिए जाने पर काम कर रहा है। मंत्रालय ने आज जारी एक वक्तव्य में कहा कि इस पहल से 14 करोड 43 लाख ईएसआईसी के लाभार्थी और उनके परिजनों को लाभ होगा। कर्मचारी, देशभर में तीस हजार से अधिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य के सूचीबद्ध अस्पतालों में चिकित्सा सेवा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इलाज के खर्चों पर कोई वित्तीय सीमा नहीं होगी। मंत्रालय ने कहा कि ईएसआईसी के लाभार्थियों के इलाज के लिए देशभर के चैरिटेबिल अस्पताल भी सूचीबद्ध किए जाएंगे।

**सोशल मीडिया-वैष्णव**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा क़ानूनों को और अधिक सख़्त बनाए जाने की आवश्यकता है। श्री वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि सोशल मीडिया अभिव्यक्ति की आजादी का एक बड़ा माध्यम है, लेकिन संपादकीय नियंत्रण न होने के कारण सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री का निर्बाध प्रसार हो रहा है।

**उर्वरक उपलब्धता**

केंद्र सरकार डाय-अमोनियम फॉस्फेट- डीएपी उर्वरक की उपलब्धता बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों, रेलवे और उर्वरक कंपनियों

के साथ तालमेल बनाए हुए है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर में, 17 लाख टन से अधिक आयातित डीएपी राज्यों को उपलब्ध कराई गई।

मंत्रालय के अनुसार, भू-राजनीतिक कारणों से डीएपी की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

**मुख्यमंत्री विदेश यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज से 30 नवम्बर तक जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव म्यूनिख एवं स्टूटगार्ट में कई कार्यक्रमों में शामिल होकर प्रदेश में निवेश और उद्योगों के लिए संभावनाओं से जर्मनी के उद्योगपतियों को अवगत कराएंगे। डा यादव म्यूनिख सीआईआई, इन्वेस्ट इंडिया और भारत के कौंसुलेट जनरल, इंडो-जर्मन चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से आयोजित इंटरैक्टिव सेशन में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ निवेश पर चर्चा कर वन-ऑन-वन मीटिंग करेंगे। इसमें प्रमुख जर्मन कंपनियों के साथ निवेश और उद्योग संबंधों को बढ़ावा देने पर फोकस किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रवासी भारतीय प्रतिनिधियों और "फ्रेंडस ऑफ एमपी" के साथ संवाद करेंगे। इसमें लगभग 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

**आलमी तब्लीगी इज्तिमा**

राजधानी भोपाल के ईंटखेड़ी में कल से मुस्लिम समाज के धार्मिक सम्मेलन आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन होने जा रहा है। इसमें देश-दुनिया की करीब 30 हजार से अधिक जमातें शामिल होंगी। 2 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। बाहरी जमातों के आने का सिलसिला 15 दिन पहले ही शुरू हो गया था और रोजाना बड़ी संख्या में लोग ट्रेन और फ्लाइट

से भोपाल पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति के मुताबिक चार दिनों तक चलने वाले 77 वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा में 10 से 12 लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान है। हर बार की तरह इस बार भी इज्तिमा आयोजन की तैयारी ग्रीन और क्लीन के थीम पर हो रही है।

**गोयल-प्रेस कॉन्फ्रेंस**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में विकास से भारत अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य, अनुसंधान और निवेश के लिए पहली पसंद बन गया है। नई दिल्ली में आज मीडिया को संबोधित करते हुए, श्री गोयल ने बताया कि डिजिटल इंडिया अभियान से देश में क्रांति आई है, जिसने विश्व में भारत को डेटा सेंटर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में शोध और वैश्विक क्षमता केंद्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरकनेक्टेड ग्रिड नेटवर्क और बुनियादी ढांचे के विकास से देश की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

**समाचार संक्षेप में**....

1. प्रदेशभर में जिला और सत्र न्यायाधीश स्थानांतरित किए गए हैं। जबलपुर हाई कोर्ट ने 18 जिला सत्र न्यायाधीशों का स्थानांतरण किया है।

2. विदिशा जिले में असंगठित प्रवासी श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न से लाभांवित किये जाने हेतु शासन निर्देशानुसार जिले में अभियान चलाया जा रहा है।

3. शिवपुरी जिले में स्कूल बसों की चेकिंग के लिए गठित दल द्वारा 7 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 10 हजार 500 रूपए शुल्क वसूल किया गया।

4. आगरमालवा में दिव्यांगों के लिए आयोजित किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों, रंगोली, नृत्य और गायन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

---------------------